# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0......55......./2023

**औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का संशोधित द्वितीय Dummy Admit Card समिति के वेबसाईट पर अपलोड रहने, ऑनलाईन त्रुटि संशोधन करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक तथा संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों का संशोधित द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र समिति के बेवसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर दिनांक **14.02.2023** से **21.02.2023** तक उपलब्ध रहेगा। संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान उक्त परीक्षा का संशोधित द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र दिनांक **14.02.2023** से **21.02.2023** तक डाउनलोड कर संबंधित अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

2. संशोधित द्वितीय डमी प्रवेश पत्र (Second Dummy Admit Card) में अगर किसी प्रकार की त्रुटि (यथा–अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, जाति कोटि, ITI पंजीयन संख्या एवं फोटो आदि) हो तो अभ्यर्थी संबंधित संस्थान के प्रधान द्वारा अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के बेवसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर दिनांक **14.02.2023** से **21.02.2023** तक त्रुटि सुधार करना सुनिश्चित करेंगे।

3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों की सूची समिति के बेवसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर उपलब्ध है। वैसे अभ्यर्थियों का परीक्षा शुल्क दिनांक **14.02.2023** से **21.02.2023** तक स्वीकार किया जाएगा।

4. **उक्त तिथि के उपरान्त किसी प्रकार की त्रुटि होती है, तो इसके लिए संस्थान के प्रधान पूर्णतः जिम्मेवार होंगे और उन पर अनुशासनिक कार्रवाई के लिए समिति बाध्य होगी।**

12/2/23

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**ज्ञापांक** : के0वि0......59......./2023 पटना, दिनांक : ..12../..02../2023